Estd.2015 Reg. No. : 1101/19

# FUNDAMENTAL AGRO S.CENTRE

*Corp Off: Palam Colony, Mangalapuri, New Delhi-110045*
*Regd & Zonal Off: Room No-103, Vijay & Son's Market, Raniganj Road, Araria,*
*Run & Managed By: H.H.L.F with the collaboration of SS Innovegic Edge Pvt Ltd, New Delhi*
*Contact: 7366881924, Email: hhlfbihar@gmail.com, Website: hhlf.org.in*

**OUR AIM & AMBITIONS TOWARDS VANILLA CULTIVATION & SELF-EMPLOYMENT**







## अब बिहार के किसान भी करेंगे वैनिला की खेती। इस से किसान होंगे समृद्ध।

➡ वैनिला एक सुगन्धित पदार्थ है जो वैनिला ऑर्किड से प्राप्त होता है। जिस का प्रयोग खाने पीने की वस्तुओं में जैसे आइसक्रीम, होर्लिक्स, प्रोटीन पाउडर, केक, चॉकलेट, एनर्जी ड्रिंक्स तथा परफ्यूम, ब्यूटी सामिग्री इत्यदि में बड़े पैमाने पर की जाती है। यही नहीं बल्कि इस से बहुत सारी औषधियां और मसाले भी बनाए जाते हैं। इसी लिए वैनिला औषधीय पौधों की श्रेणी में आता है।

➡भारत में वैनिला की खेती पिछले कई दशकों से कई राज्यों में हो रही है। इन राज्यों के किसान वैनिला की खेती कर के आर्थिक रूप से समृद्ध होते जा रहे हैं। इसी लिए हमारी संस्था ने बिहार के किसानों की समृद्धि के लिए "वैनिला कल्टीवेशन प्रोग्राम" को शरू करने का निर्णय लिया। वैनिला की खेती के लिए बिहार की जलवायु बहुत ही अनुकूल है। बिहार के किसानों के लिए वैनिला एक नगदी फसल होगी। वैनिला की खेती आने वाले समय में एक उद्योग का रूप धारण करेगी।

➡वैनिला एक बेलदार पौधा होता है। वैनिला की खेती करने के लिए बहुत जगह की आवश्यकता नहीं होती है। इसे घर के आगे पीछे की खाली जगहों में लगाया जा सकता है। वैनिला के पौधों को छायादार जगहों पर जहाँ पेड़ इत्यादि हों लगाना उपयुक्त होता है।

➡वैनिला के पौधे का जीवन काल 20 वर्षों का होता है। यह एक ऐसा फसल है जिस का फल और क्रीपर (लत्ती) दोनों बिकता है। इस के सूखे फली (Vanilla Beans) की कीमत 30 से 40 हज़ार रूपये प्रति किलो तक होती है। वैनिला दो साल के अंदर फूल और फल देने योग्य हो जाता है। इसे लगाने के बाद इस की देख भाल करना बहुत ज़रूरी है। वैनिला के फूलों का प्रागण हाथों से करना होता है। जिस के लिए किसानों को समय समय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

➡वैनिला की खेती बेहतर ढंग से हो इस के लिए संस्था द्वारा जिला, प्रखंड, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर बहु स्तरीय संरचना का निर्माण किया गया है। ताकि किसानों तक योजना का लाभ ससमय पहुँच सके। इस मुहीम में कोई भी बुद्धिजीवी अपना सहयोग संस्था से जुड़ कर प्रतिनिधि के रूप में दे सकते हैं। उन्हें हमारे मेनिफेस्टो के अनुसार अपने अपने स्तर का लाभ प्राप्त होगा।

➡ हमारे संस्था का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध करना और बेरोजगारों को रोजगार का एक बेहतर अवसर प्रदान करना है। हम आगे किसानों के लिए और भी इसी प्रकार के औषधीय खेती की जानकारी उपलब्ध करवाएंगे ताकि हमारे किसानों को आर्थिक आज़ादी मिल सके। निःसंदेह यह किसानों के जीवन मैं एक नयी आर्थिक क्रांति होगी ।

**नोट : प्रथम चरण में प्रतिनिधियों को चयनोपरांत 5 वैनिला प्लांट दिया जाएगा। पुनः किसानों के चयनोपरांत उन्हें भी प्रतिनिधयों द्वारा 5 वैनिला प्लांट कुछ शर्तों पर दिया जाएगा।**